जनपद अलमोड़ा में जाख से गड़ाऊ–दाड़मी मोटर मार्ग हेतु प्रस्तावित समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

1 प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग अलमोड़ा के अन्तर्गत **5**.00 कि0 मी0 लम्बाई में जाख से गड़ाऊ–दाड़मी मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 अलमोड़ा के अनुरोध पर प्रस्तावित समरेखन का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक 13.12.2014 को सम्बधित कनिष्ठ अभियन्ता श्री अशोक सिंह के साथ निरीक्षण किया गया।

2 जनपद अलमोड़ा में जागेश्वर विधानसभा के अन्तर्गत, जाख से गड़ाऊ–दाड़मी मोटर मार्ग का **5**.00 कि0मी0 की लम्बाई में निर्माण कार्य स्वीकृत है। प्रस्तावित समरेखन मनोला– जैंती मोटर मार्ग के कि0 मी0 25 से बाउंड साईड में आरम्भ होता है तथा **5**.00 कि0मी0 लम्बाई पूर्ण कर समाप्त होता है। इस मार्ग से ग्राम गड़ाऊ एवं सीमा तोक लाभान्वित होंगे। समरेखन में तीन हेयर पिन बैंड्स हैं, जो क्रमशः क्रास सेक्शन 0/10, 1/33 तथा 2/17 में दिये गये हैं। एच0 पी0 बैण्ड्स दूरी लिये हुये हैं तथा अलग–अलग हैं। अवगत कराया गया कि समरेखन की अधिकांश लम्बाई नाप भूमि से होकर गुजरती है जिसमें सीढ़ीनुमा खेत हैं। समरेखन क्षेत्र में अलमोड़ा ग्रुप की mica schist चट्टान है, ये चट्टान काफी वेदर्ड हैं। इनके के उपर मिट्टी/डेबी का ओवर बर्डन है। समरेखन क्षेत्र में भूमि का ढलान सामान्यतः 20° से 35° के मध्य प्रतीत होता है। स्थल निरीक्षण के दिन समरेखन क्षेत्र में प्रथम दृष्टया कोई अस्थिरता दृष्टिगोचर नहीं हुई।

3 समरेखन क्षेत्र की भूगर्भीय स्थिति, भू– आकृति एवं उक्त प्रस्तर में वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुये निम्न सुझाव दिये जा रहे हैं, जिन्हें प्रस्तावित मार्ग निर्माण में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

(i) यथासम्भव मार्ग की पूरी चौड़ाई कटान करके प्राप्त की जाये। यह भविष्य में मार्ग की स्थिरता की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। जहाँ रिटेनिंग दीवार का निर्माण अपरिहार्य हो वहाँ इनका निर्माण फर्म स्ट्रेटा पर समुचित परिकल्पना के आधार पर कराया जाय।

(ii) मार्ग के आरम्भ में टेक आफ प्वाइन्ट कम ढलान युक्त स्थिर भूमि में सावधानीपूर्वक बनाया जाये।

(iii) यह सुनिश्चित किया जाये कि समरेखन में प्रस्तावित हेयर पिन बैण्ड कम ढलान युक्त स्थिर भूमि में सावधानीपूर्वक बनाये जायें।

(iv) समरेखन के समीप स्थित घरों से सुरक्षित दूरी रखते हुये बिना विस्फोटकों का प्रयोग किये मार्ग कटान किया जाय।

(v) समरेखन में अपेक्षाकृत तीव्र पहाड़ी ढलान वाले भाग में सावधानीपूर्वक मार्ग कटान किया जाये जिससे कोई अस्थिरता उत्पन्न न हो।

(vi) जहाँ मार्ग कटान की ऊंचाई अधिक हो और स्ट्रेटा कमजोर हो, विशेष रूप से बैण्डस पर एवं आबादी वाले भाग में मार्ग कटान के साथ–साथ समुचित ब्रेस्ट वाल का निर्माण कराया जाये।

(vii) वर्षा के पानी की समुचित निकासी हेतु रोडसाईड ड्रेन एवं स्कपर का प्रावधान किया जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि स्कपर के पानी से भूक्षरण न हो।

(viii) पर्वतीय क्षेत्र में मार्ग के लिये निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के अन्य मानको एवं विशिष्टियों का भी पालन किया जायें।

4 **मार्ग के नवनिर्माण विषयक स्थायित्व सम्बन्धी बिन्दुः—**

मार्ग कटान के पश्चात हिल साईड में जिस स्थान पर over burden material होगा तथा पहाड़ी ढलान slope forming material के angle of repose से अधिक होगा उस भाग में वर्षाकाल में पहाडी ढलान के अस्थिर होने की सम्भावना हो सकती है।

5 जाख से मडाऊ–दाडमी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 5.00 कि0 मी0 लम्बाई का प्रस्तावित समरेखन वर्तमान परिस्थितियों में उपरोक्त सुझावों के साथ मार्ग निर्माण के लियें उपयुक्त प्रतीत होता है। इस हेतु प्रस्तावित भूमि भूगर्भीय दृष्टि से उपयुक्त है।

टिप्पणी –

भूमि हस्तान्तरण की दृष्टि से समरेखन क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं खण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये सर्वेक्षण विवरण के आधार पर यह एक जनरलाइज्ड आख्या है। मार्ग कटान के पश्चात स्थिति में परिवर्तन भी सम्भव है। समरेखन / मार्ग पर किसी विशिष्ट बिन्दु पर यदि सुझाव की आवश्यकता हो तो उसे अलग से अवगत कराया जाये।

H. Kumar
21.1.15
(हर्ष कुमार)
वरि0 भूवैज्ञानिक (से0नि0)
लोक निर्माण विभाग

सहायक अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0 नि0 वि0
अल्मोड़ा